SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 21/08/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर कौन सा कार्ड लॉन्च किया है?

क. मास्टर कार्ड

ख. वीजा कार्ड

ग. रुपे कार्ड

घ. इनमे से कोई नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर भूटान में रुपे कार्ड लॉन्च किया है. साथ ही भूटान की यात्रा पर प्रधानमंत्री ने मिलकर भारत-भूटान हाइड्रोपावर कॉऑपरेशन के पांच दशक पूरे होने पर एक स्टाम्प भी रिलीज की है.

SarkariExam.Com

Q2. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह हाल ही में किस राज्य से राज्य सभा के सदस्य के रूप में चुने गए हैं?

क. राजस्थान

ख.. पंजाब

ग. गुजरात

घ. उत्तर प्रदेश

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद विपक्षी भाजपा ने उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करने में विफल कर दिया। बीजेपी सांसद मदन लाल सैनी के निधन से उपचुनाव जरूरी हो गया था।

Q3. इनमे से किस खिलाडी को वर्ष 2019 के ध्यान चंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

क. मैनुअल फ्रेडरिक्स

ख. अनूप बासक

ग. मनोज कुमार

घ. उपरोक्त सभी

वर्ष 2019 के ध्यान चंद पुरस्कार से हॉकी के खिलाडी मैनुअल फ्रेडरिक्स, टेबल टेनिस के अनूप बासक, कुश्ती के मनोज कुमार, टेनिस के नितिन कीर्तने और तीरंदाजी के सी लालरेमसांगा को सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के नाम पर है.

SarkariExam.Com

Q4. भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी किस देश के द्वारा उसके सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ़ ज़ेड' से सम्मानित किए जाएंगे?

क. भूटान

ख.. थाईलैंड

ग. यूएई

घ. जापान

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 23-25 अगस्त से यूएई और बहरीन की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान, पीएम मोदी यूएई की सर्वोच्च नागरिक सजावट 'ऑर्डर ऑफ जायद' प्राप्त करेंगे, जिसे अप्रैल 2019 में उन्हें प्रदान किया गया था।

Q5. वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप का 25वां सीजन किस देश में आयोजित किया गया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. स्विट्ज़रलैंड

घ. अफ्रीका

सही उत्तर देखे

हाल ही में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप का 25वां सीजन स्विट्ज़रलैंड के बासेल में आयोजित किया गया है. यह चैंपियनशिप 1995 के बाद स्विट्ज़रलैंड में हो रही है. जिसमे 45 देशों के 357 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत के 19 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा.

SarkariExam.Com

Q6. ईएनएफ संधि से अलग होते ही हाल ही में किस देश ने मीडियम रेंज क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है?

क. ईरान

ख. इराक

ग. अमेरिका

घ. जापान

इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (आईएनएफ) संधि से अलग होते ही हाल ही में अमेरिका ने मीडियम रेंज क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है. इस मिसाइल को मोबाइल लॉन्चर से छोड़ा गया जिसने 500 किमी की दूरी पर स्थित अपने लक्ष्य को निशाना बनाया.

Q7. हाल ही में किस राज्य की कैबिनेट ने ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली देने का फैसला किया है?

क. गुजरात

ख. पंजाब

ग. मध्य प्रदेश

घ. बिहार

मध्य प्रदेश राज्य की कैबिनेट ने हाल ही में अनुसूचित जनजाति साहूकार विधेयक के प्रावधानों में संशोधन के लिए प्रस्ताव पारित कर दिया है और ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली साथ ही राज्य में मदरसों में पढ़ने वालों बच्चों को मिड-डे मील देने का फैसला किया है.

SarkariExam.Com

Q8. 18वीं राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में किस निशानेबाज ने 4 मेडल जीते है?

क. गंगन नारंग

ख. जीतू राय

ग. रोंजन सोढ़ी

घ. मानवादित्य सिंह राठौड़

18वीं राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के निशानेबाज मानवादित्य सिंह राठौड़ ने अलग-अलग कैटेगरी में 3 गोल्ड मेडल सहित 4 मेडल जीते है. मानवादित्य सिंह राठौड़ ने वर्ष 2004 के एथेंस ओलिंपिक में डबल ट्रेप इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था.

Q9. एक अमेरिकी एजेंसी ने किस भारतीय एक्टर को कथित तौर पर 'मोस्ट हैंडसम मैन इन द वर्ल्ड" के अवार्ड के लिए नामित किया है?

क. अक्षय कुमार

ख. ऋतिक रोशन

ग. सलमान खान

घ. शाहरुख़ खान

एक अमेरिकी एजेंसी ने भारतीय एक्टर ऋतिक रोशन को कथित तौर पर 'मोस्ट हैंडसम मैन इन द वर्ल्ड" के अवार्ड के लिए नामित किया है. एक्टर ऋतिक रोशन अपने समर्थकों के बीच 'ग्रीक गॉड' के नाम से मशहूर हैं.

SarkariExam.Com

Q10. यूसीआई जूनियर ट्रैक साइकिलिंग विश्व चैम्पियनशिप भारत के साइकिलिस्ट इसो अलबेन कौन सा मेडल जीतकर, भारत के लिए मेडल जीतने वाले साइकिलिस्ट बन गए है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

स्विट्जरलैंड के ऐगले में हुई यूसीआई जूनियर ट्रैक साइकिलिंग विश्व चैम्पियनशिप भारत के अंडमान निकोबार के साइकिलिस्ट इसो अलबेन सिल्वर मेडल जीतकर भारत के लिए मेडल जीतने वाले साइकिलिस्ट बन गए है.

Q11. दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ने किस खिलाडी के नाम पर फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रखने की घोषणा की है?

क. रोहित शर्मा

ख. गौतम गंभीर

ग. विराट कोहली

घ. शिखर धवन

दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के नाम पर फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रखने की घोषणा की है. उन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय वनडे में अपने 11 वर्ष पुरे कर लिए है.

SarkariExam.Com

Q12. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को किस आईपीएल टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है?

क. मुंबई इंडियन्स

ख. रॉयल चैलेंजर बंगलौर

ग. सनराइजर्स हैदराबाद

घ. राजस्थान रॉयल्स

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद का सहायक कोच नियुक्त किया गया है. वे सनराइजर्स हैदराबाद के हेड कोच ट्रेवर बेलिस के साथ काम करेंगे जिनको इस वर्ष ही फ्रेंचाइजी ने अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है.

Q13. ऐथलेटिकी मिटिनेक रीटर -2019 में हिमा दास ने कितने मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है?

क. 100 मीटर

ख. 200 मीटर

ग. 300 मीटर

घ. 400 मीटर

ऐथलेटिकी मिटिनेक रीटर -2019 में भारतीय धावक हिमा दास ने महिलाओं की 300 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है. उनकी इस जीत पर भारतीय खेल

SarkariExam.Com

प्राधिकरण (साई) ने उन्हें बधाई दी. 02 जुलाई 2019 के हिमा दास का यूरोप में यह छठा गोल्ड मेडल है.

Q14. भारत के पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया अमेरिका के 42 किलोमीटर लंबे कैटलीना चैनल को पार करने वाले किस महाद्वीप के पहले दिव्यांग तैराक बन गए है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. यूरोप

ग. एशिया

घ. अफ्रीका

भारत के पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया अमेरिका के 42 किलोमीटर लंबे कैटलीना चैनल को पार करने वाले एशिया महाद्वीप के पहले दिव्यांग तैराक बन गए है. सत्येंद्र सिंह लोहिया और उनकी टीम ने कैटालिना चैनल को 11 घंटे 33 मिनट के समय में पार किया है.

Q15. थलेटिकी मिटिनेक रीटर -2019 में भारत के मोहम्मद अनस ने पुरुषों की 300 मीटर रेस में कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर मेडल

SarkariExam.com

ऐथलेटिकी मिटिनेक रीटर -2019 में भारत के मोहम्मद अनस ने पुरुषों की 300 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है. उन्होंने यह 300 मीटर रेस को 32.41 सेकेंड में पूरी करके गोल्ड मेडल जीता है साथ ही मोहम्मद अनस वर्ष 2019 अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया.

Q16. बीसीसीआई ने किस क्रिकेटर खिलाडी पर लगे लाइफटाइम बैन को घटाकर 7 वर्ष कर दिया है?

क. पृथ्वी शॉ

ख. मुरली विजय

ग. विजय शर्मा

घ. एस श्रीसंत

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लोकपाल डीके जैन ने हाल ही में क्रिकेटर खिलाडी एस श्रीसंत पर लगे लाइफटाइम बैन को घटाकर 7 वर्ष कर दिया है. उनपर लगा 7 वर्ष के प्रतिबंध अगले वर्ष समाप्त हो जायेगा और वे क्रिकेट खेल सकेंगे.

Q17. स्वीडन की प्रमुख कंपनी आइकिया ने हाल ही में भारत के किस शहर में अपना ऑनलाइन स्टोर खोला है?

क. दिल्ली

ख. मुंबई

ग. इंदोर

SarkariExam.Com

घ. कोलकाता

स्वीडन की प्रमुख कंपनी आइकिया ने हाल ही में मुंबई में अपना ऑनलाइन स्टोर खोला है जिसमे घरेलू साज-सज्जा और अन्य सामान जैसे 7,500 उत्पाद उपलब्ध होंगे. कंपनी के मुताबिक, वह आने वाले 3 वर्षो में 10 करोड़ ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाएगी.

Q18. भारतीय सिनेमा के संगीतकार खय्याम का हाल ही में कितने वर्ष की उम्र में निधन हो गया है?

क. 80 वर्ष

ख. 88 वर्ष

ग. 92 वर्ष

घ. 95 वर्ष

भारतीय सिनेमा के संगीतकार खय्याम का हाल ही में 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. वे काफी लम्वे वक्त से बीमार थे उनके निधन पर फिल्म जगत के कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है. उन्हें कभी कभी' और 'उमराव जान' जैसी फिल्मों के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चूका है.

Q19. भारत के किस राज्य की सरकार के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने 25 दिन बाद मंत्रिमंडल का गठन किया और उनके विधायकों ने शपथ ली?

क. केरल

ख. गुजरात

SarkariExam.Com

ग. पंजाब

घ. कर्नाटक

भारत के कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने 25 दिन बाद मंत्रिमंडल का गठन किया और उनके 17 विधायकों को राज्यपाल वजुभाई वाला ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई. बीएस येदियुरप्पा ने 26 जुलाई को ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

Q20. निम्न में से कौन सा खिलाडी सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुच गया है?

क. एम एस धोनी

ख. रोहित शर्मा

ग. विराट कोहली

घ. डेविड वार्नर

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली हाल ही में सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुच गए है. उनके सोशल मीडिया अकाउंट “ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम” पर तीन-तीन करोड़ से अधिक फॉलोअर हो गए है.

SarkariExam.com